आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दीं शुभकामनाएं। आकाशवाणी में सत्यनिष्ठा से समृद्धि के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।
2. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में मौसम बिगड़ने के आसार, भारी बारिश और तूफानी हवाओं को देखते हुए मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की सलाह दी ।
3. बकाया नगरपालिका परिषद शुल्क जमा करने के लिए 28 अक्टूबर से राजधानी श्री विजयपुरम में चलाया जाएगा विशेष अभियान।
4. लॉन्ग आइलैंड में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

<><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस वर्ष यह सप्ताह "समृद्धि के लिए ईमानदारी" विषय पर मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने इसे सुशासन और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सत्यनिष्ठा का प्रतीक बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ईमानदारी और सत्यनिष्ठा विकसित भारत @2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण हैं। वहीं, प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी) के महानिदेशक, राजीव कुमार जैन ने आज नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा की शपथ' दिलाई। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक (समाचार), एस. सुब्रमण्यन भी मौजूद थे। यह शपथ 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026' अभियान के तहत दिलाई गई।

<><><><><><><><>

केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं प्रसार भारती सचिवालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए आज से 01 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष का शीर्षक "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" रखा गया है। आज आकाशवाणी और दूरदर्शन, श्री विजयपुरम के उप महामहानिदेशक (अभियांत्रिकी) प्रमुख–सह–क्लस्टर प्रमुख एवं कार्यालय

प्रमुख सी. सुब्बा राव द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर सतर्कता जागरूकता की प्रतिज्ञा ली।

<><><><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में अगले दो दिनों के दौरान अधिकांश स्थानों पर कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश, बिजली चमकने और तूफानी हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। खराब मौसम को देखते हुए किसानों और पशुपालकों के लिए विशेष सलाह जारी की गई है। चेतावनी के अनुसार, अंडमान सागर में हवाएं बढ़कर 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। समुद्र की स्थिति काफी बिगड़ने की आशंका जताई गई है। यह चेतावनी उत्तर एवं मध्य अंडमान, दक्षिण अंडमान और निकोबार क्षेत्रों के तटों के आसपास लागू है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल के निर्देशानुसार, 30 अक्टूबर को लोक निवास में जनता दर्शन आयोजित किया जाएगा। सभी इच्छुक व्यक्ति अपनी शिकायतों और अनुरोधों के साथ राज्य पोर्टल andamannicobar.gov.in और दक्षिण अंडमान जिले की वेबसाइट southandaman.nic.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते है। इसके अलावा आम जनता दक्षिण अंडमान उपायुक्त के कार्यालय में दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे के बीच व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करा सकते है। पंजीकरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किए जाएंगे जबकि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर है।

<><><><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा ऐप 31 अक्टूबर से बंद कर दिया जाएगा। नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का निर्बाध लाभ उठाने के लिए आरोग्य सेतु 2.0 पर स्थानांतरित होने की सलाह दी गई है। इस ऐप के माध्यम से आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाया और प्रबंधित किया जा सकता है तथा डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जा सकते हैं। ऐप में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, टेली–कंसल्टेशन, स्वास्थ्य केंद्रों की जानकारी और मेडिकल रिकॉर्ड डिजिटाइज करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसमें क्यू आर कोड स्कैन कर सहमति के आधार पर अस्पतालों में ओ पी डी पंजीकरण की प्रक्रिया तेज करने की सुविधा भी है। ए बी डी एम के राज्य नोडल अधिकारी ने नागरिकों से सेवाओं का लगातार लाभ उठाने के लिए समय रहते आरोग्य सेतु 2.0 डाउनलोड करने की अपील की है।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने शहर के निवासियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से संपत्ति कर, जल शुल्क, सफाई शुल्क, बाजार किराया सहित नगरपालिका परिषद के सभी बकाया शुल्क 15 दिसंबर तक जमा करने की अपील

की है। निर्धारित समय सीमा तक बकाया राशि जमा नहीं करने पर अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह नगरपालिका विनियम तथा नगरपालिका उपनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। नगरपालिका परिषद की ओर से बकाया राशि वसूलने के लिए 28 अक्टूबर से विशेष वसूली अभियान शुरू किया जा रहा है। नगरपालिका परिषद द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, 28 अक्टूबर को वार्ड संख्या 1 के हैड्डो सामुदायिक भवन में, 29 अक्टूबर को वार्ड संख्या 2 के हैड्डो सामुदायिक भवन में तथा 30 अक्टूबर को वार्ड संख्या 3 के अनारकली सामुदायिक भवन में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बकाया राशि जमा करने की व्यवस्था की गई है। इसके बाद 31 अक्टूबर को वार्ड संख्या 4 के मरीन हिल क्षेत्र में तथा 2 नवंबर को वार्ड संख्या 5 के अटलांटा पॉइंट सामुदायिक भवन में इसी समयावधि में वसूली अभियान चलाया जाएगा। 3 नवंबर को वार्ड संख्या 6 के जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडप में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बकाया राशि जमा की जा सकेगी।

<><><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और अंडमान–निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर पिछले दिनों लॉन्ग आइलैंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए गए। पंचायत प्रतिनिधियों और आम जनता को कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कपड़े के थैले वितरित कर प्लास्टिक का उपयोग कम करने की अपील की गई।

<><><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले द्वीप पर्यटन महोत्सव के तहत कला एवं संस्कृति विभाग ने स्थानीय सांस्कृतिक समितियों और संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक समूह 6 नवंबर शाम 4 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या ई–मेल के माध्यम से कला एवं संस्कृति निदेशालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रत्येक समूह को 4 से 6 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विवरण देना होगा। समूह में 8 से 15 सदस्य हो सकते हैं तथा कलाकारों की आयु कम से कम 8 वर्ष होनी चाहिए। नृत्य प्रस्तुति की अवधि न्यूनतम 30 मिनट और गायन की 45 मिनट से एक घंटे तक निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ स्व–प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। प्रतिभागियों का चयन अंडमान क्लब में आयोजित रिहर्सल के दौरान किया जाएगा। नृत्य समूहों का रिहर्सल 11 और 12 नवंबर तथा गायन समूहों का 13 नवंबर को दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक होगा। आवेदन एवं स्व–प्रमाण पत्र का प्रारूप प्रशासन या विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 234–775 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से चलाए गए स्ट्रीट वेंडर सर्वेक्षण के तहत शामिल सभी स्ट्रीट वेंडरों को विक्रय प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। प्रक्रिया और सत्यापन के लिए यूपीए सेल में निर्धारित घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है। घोषणा–पत्र में स्ट्रीट वेंडिंग का कार्य स्वयं या परिवार के किसी सदस्य द्वारा किए जाने की घोषणा, आजीविका का कोई अन्य साधन न होने की पुष्टि, परिवार के किसी अन्य सदस्य ने उसी स्ट्रीट वेंडिंग गतिविधि के लिए CoV हेतु आवेदन नहीं किया जाना तथा सत्यता और प्रमाणिकता के साथ जमा करना होगा। निर्धारित घोषणा–पत्र का प्रारूप यूपीए सेल पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

<><><><><><><>